प्रस्ताव

# 4 बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने वाले अस्पतालों में निर्माण का वित्तपोषण करने वाले बांड्स को अधिकृत करता है। पहल कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** महान्यायवादी द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक के टेक्स्ट को राज्य सचिव की वेबसाइट *http://voterguide.sos.ca.gov/* पर देखा जा सकता है।**

- बच्चों के योग्यता प्राप्त अस्पतालों के निर्माण, विस्तार, नवीनीकरण और उन्हें उपकरणों से लैस करने के लिए अनुदानों को वित्तपोषित करने हेतु, राज्य की सामान्य निधि से चुकाए जाने के लिए $1.5 बिलियन को बांड्स के रूप में अधिकृत करता है।
- उन पात्र निजी अलाभकारी अस्पतालों के लिए 72 प्रतिशत निधियाँ, जो सरकारी कार्यक्रमों के लिए बड़ी संख्या में पात्र बच्चों और California चिल्ड्रन सर्विसेज प्रोग्राम (California Children's Services program) के लिए पात्र विशेष स्वास्थ्य आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं, सामान्य गंभीर देखभाल वाले बच्चों के अस्पतालों हेतु California विश्वविद्यालय के लिए 18 प्रतिशत धन, और California चिल्ड्रन सर्विसेज प्रोग्राम (California Children's Services program) के लिए पात्र बच्चों को सेवाएं प्रदान करने वाले सार्वजनिक और निजी अलाभकारी अस्पतालों हेतु 10 प्रतिशत धन नियत करता है।

## राजकीय व स्थानीय सरकारी शुद्ध वित्तीय प्रभाव के बारे में विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- अगले 35 वर्षों में सालाना औसतन लगभग $80 मिलियन के बांड चुकाने के लिए बढ़ी हुई राज्य लागतें।

### राज्य बांड के लागत अनुमान

| | |
|---|---|
| अधिकृत नया उधार | $1.5 बिलियन |
| बांड्स का भुगतान करने की औसत वार्षिक लागत | $80 मिलियन |
| संभावित ऋण वापसी अवधि | 35 साल |
| ऋण वापसी का स्रोत | सामान्य कर राजस्व |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## पृष्ठभूमि

***बच्चों'के अस्पताल।*** राज्य कानून California विश्वविद्यालय (UC) के पांच अकादमिक मेडीकल केंदर परिसरों में आठ निजी लाभ-निरपेक्ष अस्पतालों और बच्चों के कार्यक्रमों की “बच्चों के अस्पतालों” के रूप में शिनाख्त करता है। बच्चों के अस्पताल विशेष देखभाल की मांग करती हुई गंभीर बीमारी या चोटों, या जटिल दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिस्थितियों वाले शिशुओं और बच्चों का उपचार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन अस्पतालों में सेवाएं प्राप्त कर रहे कई बच्चे कम-आय वाले परिवारों से संबंध रखते हैं। बच्चों के अस्पताल कई स्रोतों से निधि प्राप्त करते हैं। बच्चों के अस्पतालों के लिए अधिकांश निधि संघीय-राज्य Medicaid कार्यक्रम से आती है (जिसे California में Medi-Cal कहा जाता है), जो राज्य में कम-आय वाले बच्चों को स्वास्थ्य देखभाल कवरेज प्रदान करता है। बच्चों के अस्पताल व्यावसायिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज,

अन्य सरकारी स्वास्थ्य देखभाल कवरेज कार्यक्रमों, और निजी दान से भी निधि प्राप्त करते हैं।

***California बच्चों का सेवा (CCS) कार्यक्रम।*** CCS कार्यक्रम एक राज्य-स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल कवरेज कार्यक्रम है जो जटिल दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिस्थितियों वाले बच्चों और साथ ही बच्चों के अस्पताल में उपचार करवा चुके बच्चों के लिए विशेष उपचार और अन्य सेवाओं के लिए भुगतान करता है। (CCS कार्यक्रम के अधिकांश बच्चे Medi-Cal में भी नामांकित हैं।) राज्य अस्पतालों और अन्य चिकित्सीय प्रदाताओं को CCS कार्यक्रम के बच्चों का उपचार करने के लिए धन लेने की अनुमति देता है।

***अन्य अस्पताल भी बच्चों का उपचार करते हैं।*** California के अन्य अस्पताल भी जिनकी राज्य कानून की नज़रों में बच्चों के अस्पताल के रूप में शिनाख्त नहीं की गई है, बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल के विषय पर अलग-अलग हदों तक ध्यान केंद्रित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ अस्पतालों में बच्चों का उपचार करने के लिए विशेष विंग या केंद्र होते हैं। इन अस्पतालों को अक्सर CCS कार्यक्रम के बच्चों का उपचार करने के लिए अनुमोदन प्राप्त होता है।

***सामान्य दायित्व बांड।*** राज्य सामान्य दायित्व बांडों को जारी करते हुए लंबी-अवधि की पूंजी परियोजनाओं के लिए भुगतान करने हेतु धनराशि उधार लेता है। इन बांडों की वापसी राज्य के समान्य कर प्राधिकार द्वारा निश्चित की जाती है। राज्य सामान्य निधि, राज्य के मुख्य परिचालन खाते से सामान्य दायित्व बांडों को चुकाता है। (राज्य के बांड उपयोग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका में आगे "राज्य बांड ऋण का अवलोकन" देखें।)

***पूर्व बच्चों के अस्पताल के बांड विधेयक।*** मतदाताओं ने पूर्व समय में दो राज्यव्यापी विधेयकों को अनुमोदन दिया है जिन्होंने राज्य को बच्चों को अस्पतालों की पूंजी परियोजनाओं के लिए भुगतान करने हेतु सामान्य दायित्व बांडों को जारी करने के लिए अधिकृत किया है। इन बांडों का विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जा चुका है जिनमें नई इमारतों का निर्माण और मौजूदा इमारतों का नवीनीकरण शामिल है। 2004 में, प्रस्ताव 61 ने बांड निधियों में $750 मिलियन प्रदान किए। 2008 में, प्रस्ताव 3 ने बांड निधियों में $980 मिलियन प्रदान किए। राज्य कानून की नज़रों में विशेष रूप से बच्चों के अस्पतालों के रूप में शिनाख्त करवा चुके केवल 13 अस्पताल इन पूर्व विधेयकों के तहत निधि प्राप्त करने के लिए योग्य हैं। मई 2018 तक, पूर्व दो विधेयकों से प्राप्त अधिकांश निधि परियोजनाओं को समर्पित की जा चुकी है, और बाकी बची निधि 2018 की गर्मियों के अंत तक पूरी तरह से समर्पित किये जाने की उम्मीद है।

## प्रस्ताव

***बच्चों के अस्पताल के लिए अतिरिक्त बांडों को अधिकृत करता है।*** यह विधेयक राज्य को CCS कार्यक्रम के लिए योग्य बच्चों का उपचार करने वाले (1) 13 बच्चों के अस्पताल और (2) अन्य सार्वजनिक या निजी लाभ-निरपेक्ष अस्पतालों में पूंजी सुधार परियोजनाओं के लिए सामान्य दायित्व बांडों में अतिरिक्त $1.5 बिलियन बेचने के लिए अधिकृत करता है। चित्र 1 में दिखाए अनुसार, यह विधेयक 72 प्रतिशत

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

**चित्र 1**

**बांड निधियों के लिए योग्य अस्पताल**
*(मिलियन में)*

| | |
|---|---|
| **निजी लाभ-निरपेक्ष बच्चों के अस्पताल—72 प्रतिशत निधियां** | **$1,080** |
| बच्चों का अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, Oakland | $135 |
| Los Angeles का बच्चों का अस्पताल | 135 |
| Orange काउंटी का बच्चों का अस्पताल | 135 |
| Earl and Loraine Miller का बच्चों का अस्पताल (Long Beach) | 135 |
| Loma Linda विश्वविद्यालय का बच्चों का अस्पताल | 135 |
| Stanford में Lucile Packard का बच्चों का अस्पताल | 135 |
| Rady बच्चों का अस्पताल, San Diego | 135 |
| घाटी बच्चों का अस्पताल (Madera) | 135 |
| **California विश्वविद्यालय के बच्चों के अस्पताल—18 प्रतिशत निधियां** | **$270** |
| California विश्वविद्यालय, Los Angeles में Mattel बच्चों का अस्पताल। | $54 |
| California विश्वविद्यालय, Irvine विश्वविद्यालय में बच्चों का अस्पताल। | 54 |
| California विश्वविद्यालय, Davis में बच्चों का अस्पताल | 54 |
| California विश्वविद्यालय, San Diego में बच्चों का अस्पताल | 54 |
| California विश्वविद्यालय, San Francisco में बच्चों का अस्पताल | 54 |
| **अन्य अस्पताल—10 प्रतिशत निधियां** | **$150** |
| California बच्चों के सेवा कार्यक्रम के लिए योग्य बच्चों को सेवाएं प्रदान करने वाले लगभग 150 सार्वजनिक या निजी लाभ-निरपेक्ष अस्पताल। | $150 |
| **कुल योग** | **$1,500** |

बांड निधियों को—लगभग $1.1 बिलियन—आठ निजी लाभ-निरपेक्ष बच्चों के अस्पतालों को प्रदान करता है। यह सारे आठ अस्पताल इस निधि के बराबर हिस्से के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह विधेयक 18 प्रतिशत बांड निधियां प्रदान करता है—$270 मिलियन—पांच UC बच्चों के अस्पतालों को। यह सारे UC बच्चों के अस्पताल इस निधि के बराबर हिस्से के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह विधेयक बाकी बची 10 प्रतिशत बांड निधियों को उपलब्ध करवाता है—$150 मिलियन—CCS कार्यक्रम के लिए योग्य बच्चों को सेवाएं प्रदान करने वाले लगभग 150 अन्य सार्वजनिक या निजी लाभ-निरपेक्ष अस्पतालों को। यह विधेयक बांड निधियों के इस हिस्से के निश्चित अंशों को व्यक्तिगत अस्पतालों के लिए अलग नहीं रखता।

***निधियों का उपयोग।*** यह विधेयक बांड की बिक्री से एकत्र की गई धनराशि को विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की अनुमति देता है, "जिनमें राज्य के योग्य अस्पतालों का निर्माण, विस्तार, पुन: निर्माण, नवीनीकरण, इन्हें सुसज्जित करना, इन्हें उपकरणों से लैस करना, इन्हें वित्तपोषित करना, या पुन: वित्तपोषित करना शामिल है।" इस प्रस्ताव की मांग है कि प्रदान की गई निधि किसी परियोजना की कुल लागत से अधिक नहीं होनी चाहिए और निधि प्राप्त परियोजनाएं "मुनासिब समय अवधि" में पूरी की जानी चाहिए।

***आवेदन प्रक्रिया।*** इस विधेयक के तहत बांड निधियां प्राप्त करने के लिए योग्य बच्चों के अस्पताल California स्वास्थ्य सुविधाएं वित्त पोषण प्राधिकरण (CHFFA), एक मौजूदा राज्य एजेंसी को निधियो के लिए आवेदन देंगे। CHFFA कई कारकों के आधार पर निर्णय लेगा कि ग्रांट दी जाए या नहीं। इनमें से कुछ कारकों में निम्न शामिल हैं:

- यह ग्रांट सरकारी स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों के लिए योग्य बच्चों, या कम-आय, अलाभप्रद, या अबीमाकृत बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के विस्तार या सुधार की ओर योगदान देगी।
- यह ग्रांट बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल या बाल चिकित्सा के मरीज़ों के नतीजों में सुधार की ओर योगदान देगी।
- आवेदक अस्पताल बाल चिकित्सा शिक्षण या खोज कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा।

## वित्तीय प्रभाव

***राज्य बांड अदायगी लागतें।*** यह प्रस्ताव निवेशकों को अतिरिक्त सामान्य दायित्व बांड बेचकर राज्य को $1.5 बिलियन का उधार लेने की अनुमति देगा, जिसे राज्य के सामान्य कर राजस्व का उपयोग करके ब्याज सहित चुकाया जाएगा। इन बांडों की लागत विभिन्न कारकों पर निर्भर करेगी—जैसे कि इन्हें बेचने के समय पर प्रभावी ब्याज दरें, बांड बिक्रियों का समय, और वह समय-अवधि जिसमें वे चुकाए जाते हैं। हमारा अनुमान है कि इन बांडों को चुकाने के लिए दोनों मूल धन ($1.5 बिलियन) और ब्याज ($1.4 बिलियन) का भुगतान करने के लिए करदाताओं को कुल लागत $2.9 बिलियन आएगी। इसके परिणामस्वरूप अगले **35 वर्षों में प्रति वर्ष औसत पुनर्भुगतान लागतें लगभग $80 मिलियन होंगी**। यह धनराशि राज्य के मौजूदा सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत के दसवें हिस्से से कम है। बांड निधियों में से चुकाई जाने वाली प्रशासकीय लागतें CHFFA की वास्तविक लागतों या बांड निधियों के 1 प्रतिशत तक सीमित रह जाएंगी, जो भी कम है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए बनाई गई समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2018-ballot-measure-contribution-totals/* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-18-gen.html* पर जाएं।**

**यदि आप राज्य के विधेयक के संपूर्ण टेक्स्ट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया राज्य सचिव को (888) 345-2692 पर कॉल करें या आप *vigfeedback@sos.ca.gov* पर ईमेल भेज सकते हैं और बिना किसी लागत के एक प्रतिलिपि आपको भेज दी जाएगी।**